





# बगैर नंबर प्लेट वाहनों से 29 हजार की राजस्व वसूली

## परिवहन विभाग का चैकिंग अभियान जारी

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 28 मई।** माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार तथा परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे सघन चौकिंग अभियान अंतर्गत बगैर नंबर प्लेट के वाहनों का संचालन पाये जाने सहित अन्य वैद्य दस्तावेजों के संचालन की स्थिति पर वाहनों से 29 हजार राजस्व की वसूली की गई है।

जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती रंजना कुशवाह के नेतृत्व में गठित दल द्वारा जिले में अवैध रेत उत्खन्न एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु परिवहन विभाग द्वारा सघन जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के दौरान ट्रेक्टर, डंपर, बिना प्लेट एवं बिना वैद्य दस्तावेज के पाये जाने पर कार्यवाही की गई है। जाटखेडा, भोगिका एवं नवीन बायपास रोड, दांतरदा, सामरसा, मानपुर, ढोढर क्षेत्र में दो दिन से जारी अभियान के तहत बगैर नंबर प्लेट वाहनों तथा 5 भूसे के ट्रेक्टरों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 29 हजार रूपये की राजस्व वसूली की गई है तथा रेत खनन कार्य करने वाले ट्रेक्टर, डंपर, जेसीबी के वाहन स्वामी अपने वाहनों में जीपीएस डिवाइस तथा एचएसआरपी नंबर प्लेट और वाहन के संपूर्ण दस्तावेज होने पर संचालन कर सकेंगे, अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान रेत का अवैध परिवहन पाये जाने पर संबंधित वाहन को कार्यवाही के लिए खनिज अथवा चंबल घडियाल सेंचुरी के अधिकारियों को जब्ती में दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि अवैध रेत के खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए परिवहन विभाग, खनिज विभाग, वन विभाग और पुलिस विभाग की टीमें संयुक्त रूप से कार्य कर रही है।

## तेंदुए ने गाय का किया शिकार, ग्रामीणों में दहशत

**धार.** जिले के बाग वन क्षेत्र अंतर्गत ढिलवानी बीट में एक तेंदुए द्वारा गर्भवती गाय का शिकार किए जाने के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. ग्राम ढिलवानी निवासी किसान शंकरसिंह मैथू अनारे की गर्भवती गाय शाम के समय बाड़े में नहीं मिली. परिजनों द्वारा तलाश करने पर कुछ दूरी पर गाय मृत अवस्था में पड़ी मिली. ग्रामीणों ने बताया कि किसी वन्यजीव ने गाय को आंशिक रूप से खा लिया था. वन विभाग के कर्मचारी विजेंद्रपाल अजनारिया और बहादुरसिंह रणदा मौके पर पहुंचे. वन कर्मचारियों ने प्रारंभिक जांच में पुष्टि की कि गाय का शिकार किसी वन्यजीव, संभवत: तेंदुए द्वारा किया गया है. वन विभाग ने बताया कि मामले में पंचनामा तैयार कर प्रकरण ऑनलाइन पोर्टल पर भेजा जाएगा, ताकि प्रभावित किसान को मुआवजा दिलाया जा सके.

# पेयजल व्यवस्थाओं को लेकर संयुक्त दल का भ्रमण



**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 28 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा पेयजल की सतत् आपूर्ति के संबंध में दिये गये निर्देशों तथा सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा पेयजल समस्याओं के निदान एवं पेयजल की सुचारू व्यवस्था के लिए प्रतिदिन की जा रही समीक्षा के क्रम में जिला पंचायत, पीएचई एवं एमपीईबी की संयुक्त टीम द्वारा आज सलापुरा, कलारना एवं ढेगदा का भ्रमण कर पेयजल व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान परियोजना अधिकारी श्रीमती राजेश शर्मा, कार्यपालन यंत्री पीएचई एलपी सिंह सहित बिजली कंपनी के अधिकारी तथा संबंधित पंचायतों के सचिव आदि उपस्थित रहे।

परियोजना अधिकारी श्रीमती राजेश शर्मा ने बताया कि तीनो पंचायतों में नलजल योजनाओ सहित अन्य पेयजल सप्लाई का जायजा लिया गया तथा नलजल योजनाओं के संचालन में किसी प्रकार का अवरोध न हो, इस संबंध में पंचायत सचिवों को निर्देश दिये गये। उल्लेखनीय है कि ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल आपूर्ति पर प्रशासन द्वारा सतत् रूप से निगरानी रखी जा रही है, ऐसे में किसी भी विभाग की सुविधा जैसे बिजली आदि की समस्या से कोई भी योजना बंद ना हो, यह सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त रूप से भ्रमण कर नलजल योजनाओं का अवलोकन किया गया और पीएचई, एमपीईबी एवं ग्रामीण विकास विभाग के स्थानीय अमले को समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने बताया कि उक्त तीनों स्थानों पर पेयजल की आपूर्ति पाई गई।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

**श्योपुर, 28 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा की अध्यक्षता में सडक सुरक्षा समिति की बैठक 29 मई को दोपहर 03 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। सदस्य-सचिव एवं कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी पुष्कल प्रताप सिंह ने बताया कि बैठक में वातानुकूलित स्लीपर बसों में आग संबंधी घटनाओं की रोकथाम के उपायों पर विस्तृत रूप से चर्चा की जायेगी, इसके साथ ही वर्षाकाल के दौरान जलमग्नीय पुल एवं पुलियाओं पर संभावित वाहन दुर्घटनाओं को रोकने पर विचार विमर्श कर उपयुक्त उपाय किये जाने पर चर्चा होगी।



## नालों की साफ-सफाई का कार्य जारी

**श्योपुर, 28 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा बाढ आपदा प्रबंधन की बैठक में दिये गये निर्देशो के अनुरूप वर्षाकाल से पूर्व नालो की साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। सत्यभानू जाटव ने बताया कि नगरपालिका श्योपुर अंतर्गत वर्षा से पूर्व सभी मुख्य नालों की साफ-सफाई कराई जा रही है। इसी क्रम में भोई मोहल्ला स्थित नाला तथा बंजारा डैम स्थित नालों की सफाई का कार्य किया जा रहा है।





# पशुओं के पानी पीने के लिए रखे जल के पात्र

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 28 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गंगा दशहरा सप्ताह महोत्सव अंतर्गत जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम ढोढर में पशुओं के लिए पानी पीने हेतु जल पात्र रखने की अनुठी पहल की गई है।

ग्रीष्मकाल में पक्षियों को पानी की सहज उपलब्धता हेतु जिला प्रशासन की पहल पर दाना पानी अभियान भी पूर्व से संचालित है। इसी क्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा ढोढर में विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पशुओं के लिए पानी की उपलब्धता को सहज औ सुलभ बनाते हुए जल पात्र रखे गये है तथा समिति द्वारा उन्हें नियमित रूप से पानी से भरा जा रहा है।

समिति के इस कार्य की ग्रामवासियों द्वारा प्रशसा की गई है और इस पहल में सहयोग के लिए भी सहमति जताई गई है। समिति द्वारा ढोढर के मुख्य स्थानों पर सीमेंट से बने जल पात्र रखे गये है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मनोज गौतम, सचिव अंशुमान पाराशर, संरक्षक विष्णु गौतम सहित सभी सदस्यगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**गढला में प्राचीन कुएं का पूजन**

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड कराहल द्वारा सेक्टर बरगवां की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गढला द्वारा गंगा दशहरा सप्ताह महोत्सव के उपलक्ष में पौराणिक कुआं का दीप प्रज्वलित कर पूजन किया गया तथा मां गंगा की आरती की गई। इस अवसर पर सरपंच दिनेश बिलवाल, सहायक सचिव कुलसिंह पटेलिया, नवांकुर संस्था जय हिंद समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष दिलीप सिंह, सचिव कालूराम परमार, सदस्य धन्नालाल, तोलसिंह, समाजसेवी मुन्नालाल तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## बघेली कलाकार 'पोकभान' गिरफ्तार

**रीवा, 28 मई.** बघेली बोली के चर्चित कलाकार मनीष पटेल उर्फ 'पोकभान' को सिविल लाइन थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है. उन पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और भड़काऊ पोस्ट साझा करने का आरोप है.

पुलिस के अनुसार आरोपी द्वारा लगातार विवादित कंटेंट अपलोड किया जा रहा था, जिससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित होने की आशंका थी. पुलिस का कहना है कि मनीष पटेल ने कथित तौर पर ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी. इस संबंध में शिकायत मिलने के बाद सिविल लाइन थाने में करीब चार माह पहले मामला दर्ज किया गया था. जांच के दौरान पुलिस ने सोशल मीडिया गतिविधियों और संबंधित अकाउंट्स की निगरानी की. बुधवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मनीष पटेल को हिरासत में लिया. पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है और सोशल मीडिया अकाउंट्स की भी पड़ताल की जा रही है.

# जनसुनवाई प्रकरणों के निराकरण के संबंध में निर्देश जारी

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 28 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा जनसुनवाई के प्रकरणों का निराकरण तत्परतापूर्वक किये जाने के संबंध में सभी विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये गये है। सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने कार्यालय से संबंधित प्रकरणों का रिकार्ड व्यवस्थित रूप से संधारित करेंगे तथा विभाग प्रमुख जनसुनवाई के प्रकरणों का संवेदनशीलता एवं गंभीरतापूर्वक लेते हुए तत्परता से समय सीमा अर्थात उसी सप्ताह में निराकरण सुनिश्चित करेंगे, प्रकरण की प्रकृति ऐसी हो जिसमें कि अधिक समय लग सकता है तो संबंधित आवेदक सहित जनसुनवाई शाखा के प्रभारी अधिकारी को अवगत कराएंगे। जनसुनवाई पोर्टल पर संबंधित अधिकारी का दायित्व होगा कि स्वयं अवलोकन करने के उपरांत ही पोर्टल पर जवाब दर्ज करायें, जवाब असंतुष्ट अपूर्ण होने की स्थिति में संबंधित अधिकारी पर कार्यवाही की जायेगी। ऐसे प्रकरण जो नियमों के अंतर्गत नही है तथा उनका निराकरण किया जाना संभव नही है, तो लिखित में आवेदक को सूचित किया जाये। इसके साथ ही जनसुनवाई शाखा प्रभारी अधिकारी जनसुनवाई के प्रकरणों की नियमित रूप से समीक्षा करेंगे तथा आवेदन एक बार से अधिक आने पर कलेक्टर एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों के संज्ञान में लायेंगे, प्रति सप्ताह जनसुनवाई के 20 प्रकरणों की रेंडम समीक्षा की जायेगी।

## श्योपुर तहसील का प्रभार बौद्ध को सौंपा

**श्योपुर, 28 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से प्रभारी नायब तहसीलदार दर्शनलाल बौद्ध को अपने वर्तमान दायित्व कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसील श्योपुर के साथ-साथ तहसीलदार तहसील श्योपुर एवं वृत्त प्रेमसर का प्रभार भी सौपा गया है। प्रभारी नायब तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा को प्रभारी तहसीलदार श्योपुर एवं वृत्त प्रेमसर से प्रभार मुक्त करते हुए सामान्य निर्वाचन कार्यालय श्योपुर में पदस्थ किया गया है।

# फीटर के पास बाइक फिसली एक की मौत

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 28 मई।** थाना आवदा मर्ग सू.क. हरि पुत्र भादू आदि. उम्र 52 साल नि. गोरस थाना कराहल ने बताया कि दि. 25.05.26 के 19.00 बजे स्थान सलमानिया फीटर के पास पर आरोपी पुत्र भादू आदि. उम्र 57 साल नि. मालीपुरा थाना आवदा की मृत्यु फीटर के मृतक सीताराम पास बाईक फिसलने से हो गई । दि. 26.05.26 के 10.52 बजे मर्ग क्र. 07/26 धारा 194 बीएनएस कायम कर लिया है।

**दहेज प्रताड़ना का मामला कायम**

थाना म.थाना दहेज प्रताड़ना फरियादिया आरती पत्नी देवेश पान्डेय उम्र 27 साल नि. रघु. श्योपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 02.05.24 से 13.05.26 के 17.00 बजे स्थान फरिया की ससुराल व मायका रघु. ने फरियादी को दहेज हेतु मानसिक शारीरिक प्रताड़ित किया व दहेज में 04 लाख रू. एवं 04 पहिया की गाड़ी की मांग की दि. 26.05.26 के 21.31 बजे अप. क्र. 10/26 धारा 85 बीएनएस 3/4दहेज एक्ट कायम कर लिया है।

**सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल**

थाना विजयपुर सड़क दुर्घटना फरियादी संतराम पुत्र श्रीधर कुशवाह उम्र 18 साल नि. मोहनपुरा मंडी विजयपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 05.05.26 के 22.10 बजे स्थान प्रभु उत्सव वाटिका वाली गली के सामने अस्पताल से आगे शिवपुरी रोड़ विजयपुर चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाकर फरि. की मो.सा. में टक्कर मार दी जिससे फरियादी को चोटें आयी दि. 26.05.26 के 16.09 बजे अपराध क्रमांक 183/26 धारा 281,125ए बीएनएस कायम कर लिया है।

**प्लॉट की बात को लेकर दो ने एक को पीटा**

थाना देहात मारपीट फरिया. शिवला बाई पत्नी कमलेश प्रजापति उम्र 40 साल नि. बिलवाडा थाना देहात ने रिपोर्ट की कि दि. 27.05.26 के 07.45 बजे स्थान प्रीत बाबा के स्थान के पास वाला प्लॉट ग्राम बिलवाडा आरोपीगण राजू प्रजापति, मुकेश प्रजापति निवासीगण सदर ने फरियादी व उसका पति कमलेश एवं लडके दुर्गेश व रविशंकर प्रजापति को प्लॉट की जगह को लेकर गालियां दी मारपीट कर चोट पहुंचाई एवं जान से मारने की धमकी दी । दि. 27.05.26 के 10.27 बजे अपराध क्रमांक 127/26 धारा 115 (2),118 (1), 296 (ए), 351 (2), 3(5) बीएनएस कायम कर लिया है।

**क्रॉस मामला कायम किया**

थाना देहात मारपीट फरि. मुकेश पुत्र लौडकीराम प्रजापति उम्र 45 साल नि. बिलवाडा थाना देहात ने रिपोर्ट की कि दि. 27.05.26 के 07.45 बजे स्थान प्रीत बाबा के स्थान के पास वाला प्लाट ग्राम बिलवाडा आरोपीगण कमलेश प्रजापति, शिवला बाई प्रजापति, दुर्गेश प्रजापति, रविशंकर प्रजापति नि.गण सदर ने फरि. को प्लाट की जगह को लेकर मां बहन की गन्दी गन्दी गालियां दी मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी । दि. 27.05.26 के 13.27 बजे अपराध क्रमांक 128/26 धारा 115 (2), 296 (ए),351(2),3(5) बीएनएस कायम कर लिया है।

**साइड ना देने पर मारपीट**

थाना देहात मारपीट जोगेन्द्र सिंह जनरेल सिंह सिख उम्र 55 साल नि. फतेहपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 27.05.26 के 16.30 बजे स्थान फरियादी के घर के बाहर ग्राम फतेहपुर आरोपीगण रेशम सिंह , शोबा सिंह , जसवंत सिंह सिख नि.गण सदर ने फरि. को रास्ते में साईड ना देने की बात को लेकर मां बहन की गन्दी गन्दी गालियां दी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। दि. 27.05.26 के 20.10 बजे अप.क्र. 129/26 धारा 296(ए),115 (2), 351 (2), 3(5) बीएनएस कायम कर लिया है।

**गाड़ी हटाने को लेकर गाली-गलौच, मारपीट**

कोतवाली मारपीट फरियादी जयप्रकाश उर्फ जेपी पुत्र मागीलाल खटीक उम्र 33 साल नि. एफसीआई गोदाम के सामने गांधी नगर वार्ड क्रमांक 12 श्योपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 27.05.26 के 19.30 बजे स्थान सोना लांज के सामने गोलम्बर श्योपुर आरोपीगण सुमित सिंघल, राजू सिंघल, आशीष सिंघल एवं अन्य साथी नि.गण श्योपुर ने फरियादी के साथ गाडी हटाने की बात को लेकर मां बहन की गन्दी गन्दी गालियां दी जातिगत अपमान किया मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी । दि. 27.05.26 के 23.52 बजे अप. क्रमांक 165/26 धारा 296 (ए),115 (2), 351(2), 3(5) बीएनएस कायम कर लिया है।





# 25वे कांउटाउन कार्यक्रम पर आयुष संस्थाओं में हुआ योगाभ्यास

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 28 मई।** भारत सरकार आयुष मंत्रालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2026 के उपलक्ष में खजुराहो में आयोजित 25वां काउंटडाउन कार्यक्रम के क्रम में श्योपुर जिले की सभी आयुष संस्थाओं पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किये गये।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. जीपी वर्मा ने बताया कि 25वां काउंटडाउन कार्यक्रम के क्रम में घर-घर योग, हर व्यक्ति निरोगअभियान के अंतर्गत श्योपुर जिले की समस्त आयुष संस्थाओं पर योगाभ्यास किया गया तथा उक्त कार्यक्रम का ऑनलाइन लाइव प्रसारण संपन्न हुआ। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि वह अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़कर योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के सफल आयोजन में सहभागी बनें।

# मादक पदार्थ तस्करों पर पुलिस का शिकंजा

## 80 लाख मूल्य के अवैध नशीले पदार्थ एवं संपत्ति जब्त



**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 28 मई. मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रदेशभर में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बीते एक सप्ताह में विभिन्न जिलों में कार्रवाई करते हुए 80 लाख रुपए से अधिक मूल्य के अवैध नशीले पदार्थ एवं संपत्ति जब्त की है.**

पुलिस ने कहा कि युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा. सबसे बड़ी कार्रवाई मंदसौर जिले में सामने आई, जहां नारायणगढ़ थाना पुलिस ने अंतर्राज्यीय डोडाचूरा तस्करी गिरोह पर कार्रवाई करते हुए 252 किलो डोडाचूरा, एक देशी पिस्टल, कार और मोबाइल फोन जब्त किए. पुलिस के अनुसार आरोपी भागने के दौरान पुलिस पर फायरिंग कर फरार होने का प्रयास कर रहे थे. जब्त संपत्ति की अनुमानित कीमत 20.51 लाख रुपए बताई गई है.

गुना जिले के मृगवास थाना पुलिस ने राजस्थान से अफीम की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एक किलो से अधिक अफीम और मोटरसाइकिल बरामद की. वहीं अलग कार्रवाई में चार गांजा तस्करों को 10 किलो से अधिक गांजा के साथ पकड़ा गया.

भोपाल क्राइम ब्रांच ने ट्रेन के जरिए घरेलू सामान की आड़ में 36 किलो गांजा लाने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच महिलाओं सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया. इसके अलावा शिवपुरी, राजगढ़, सीधी, रीवा, शहडोल, दमोह, मैहर, नरसिंहपुर और अनूपपुर जिलों में भी स्मैक, गांजा और प्रतिबंधित कफ सिरप की बड़ी खेप जब्त की गई. पुलिस ने आमजन से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत नजदीकी थाने या डायल-112 पर देने की अपील की है.

# मंत्री राकेश ने कार्यकर्ताओं से संवाद कर सुनी समस्याएं

**भोपाल, 28 मई.** मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री राकेश शुक्ला ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेशभर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं और आमजनों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं. भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शुक्ला ने विभिन्न जिलों से पहुंचे कार्यकर्ताओं से चर्चा कर जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए. जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं हो सका, उन्हें संबंधित विभागों को भेजा गया. मंत्री राकेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं की कठिनाइयों को समझते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया और कहा कि सरकार जनहित के मुद्दों के निराकरण के लिए प्रतिबद्ध है.



# नहर में पानी नहीं, किसानों ने किया चक्काजाम

**रीवा, 28 मई.** नहर में पानी नहीं छोड़े जाने से परेशान किसानों का आक्रोश बुधवार को सड़क पर फूट पड़ा. सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत दुलहरा में किसान जल उपभोक्ता संस्था के नेतृत्व में किसानों ने रीवा-सिरमौर मार्ग पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया.

किसानों का आरोप है कि पिछले एक वर्ष से नहर में पानी नहीं छोड़ा गया, जिससे खेती पूरी तरह प्रभावित हो रही है. क्षेत्र के कई गांव पिछले तीन वर्षों से सूखे जैसी स्थिति झेल रहे हैं. नहर में पानी नहीं होने से फसलें सूख रही हैं और कई किसान खेती तक नहीं कर पा रहे हैं. इसके साथ ही पशुपालन और पेयजल संकट भी गहराता जा रहा है. किसानों ने कहा है कि कई बार प्रशासन को मौखिक और लिखित शिकायत देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ. प्रदर्शन के दौरान कुछ वाहन चालकों और किसानों के बीच विवाद भी हुआ. प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि वाहन सवारों ने उन्हें कुचलने का प्रयास किया, हालांकि मामला जल्द शांत हो गया. किसानों ने पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए क्योटी कैनाल का पुन: सर्वे, लेवलीकरण, नहर की सफाई और माइनर नहरों में साइफन व्यवस्था की मांग की.